भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1402

14 दिसम्बर, 2023 को उत्तर देने के लिए

राष्ट्रीय अनुसंधान फ़ाउंडेशन

1402. श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय अनुसंधान फ़ाउंडेशन (एनआरएफ), इसके नैगमिक निकाय, वित्तपोषण हेतु संग्रह निधि, मिशन और विज़न का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फ़ाउंडेशन अधिनियम लागू किया गया है, यदि नहीं, तो इसके कार्यान्वयन की प्रस्तावित तारीख क्या है;

(ग) आगामी वर्षों में सरकार द्वारा लक्षित प्रमुख अनुसंधान क्षेत्र क्या हैं: और

(घ) पिछड़े क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान का प्राथमिक उद्देश्य गणित विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य एवं कृषि सहित प्राकृतिक विज्ञानों के क्षेत्रों में अनुसंधान, नवोन्मेष और उद्यमशीलता के लिए उच्च स्तरीय युक्तिपूर्ण निर्देशन करना है। यह ऐसे अनुसंधान और उससे जुड़े या उनके लिए प्रासंगिक मामलों की अपेक्षानुसार संवर्धन, निगरानी और सहायता करने के लिए मानविकी और समाज विज्ञान के वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय इंटरफेस को भी प्रोत्साहित करेगा। एएनआरएफ भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और आरएंडडी प्रयोगशालाओं में अनुसंधान एवं विकास का बीजवपन, विकसन और संवर्धन करेगा तथा अनुसंधान एवं नवोन्मेष की संस्कृति का पोषण करेगा।

पांच वर्षों (2023-28) के लिए एएनआरएफ का कुल अनुमानित बजट 50,000 करोड़ रू. है जिसमें से 70% से अधिक का अधिकांश हिस्सा गैर-सरकारी स्रोतों, विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, निजी क्षेत्र, परोपकारी संगठनों, प्रतिष्ठानों या अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं आदि के दान से प्राप्त होने का अनुमान है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) एएनआरएफ का प्रशासनिक विभाग है और एएनआरएफ शासी बोर्ड द्वारा शासित होगा जिसके अध्यक्ष माननीय प्रधानमंत्री होंगे। एएनआरएफ भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता वाली कार्य परिषद के पर्यवेक्षण में कार्य करेगा।

(ख)	एएनआरएफ का प्रवर्तन प्रारंभ हो गया है और इस संबंध में डीएसटी ने एएनआरएफ प्रकोष्ठ की स्थापना की है और एएनआरएफ के कार्यकरण हेतु नियम एवं विनियम तैयार करने के लिए कार्यान्वयन समिति का गठन किया है।

(ग)	सरकार द्वारा लक्षित मुख्य अनुसंधान क्षेत्र हैं - गणित विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य एवं कृषि सहित प्राकृतिक विज्ञान; तथा मानविकी और समाज विज्ञान के वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय इंटरफेस।

(घ)	सरकार ने देश में एसएंडटी अनुसंधान के संवर्धन हेतु कई कदम उठाए हैं। एएनआरएफ का प्राथमिक उद्देश्य आरएंडडी समुदाय के सभी वर्गों और क्षेत्रों के बीच औचित्यपूर्ण संबंध बनाना है ताकि पिछड़े इलाकों तथा आकांक्षी जिलों में स्थित हितधारकों सहित सभी हितधारकों तक आरएंडडी निधीयन का प्रसार हो सके ।

*****